तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज मोहनराम बनाम सरकार धारा 136 प्रकरण सख्या 95/2022	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
18.07.2023	राजस्व विविध प्रार्थना पत्र सख्या 95/2022 मोहनराम बनाम सरकार अन्तर्गत धारा 136 भू.राजस्व अधिनियम रेकर्ड दुरस्ती हेतु प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र पेंश किया गया जो दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस प्रेषित कर जॉच रिपोर्ट मंगवाई गई। बहस प्रार्थना पत्र पर सुनी गई। प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता अपने प्रार्थना पत्र मे तथ्थो को दोहराया गया। एवं सरहद मौजा ग्राम नारनाडी तहसील झंवर के खसरा नम्बर 59 रकबा 2.6224 हैक्टर मे ग्राम नारनाडी मे सदभाविक भूल से स्व0श्री मांगीलाल उर्फ मांगीया उर्फ मानिया पुत्र रावत के स्थान पर प्रार्थीगण के पिता व दादा का पूनाराम पुत्र रावतराम राजस्व रेकार्ड मे दर्ज करने का निवेदन किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया।जिसमे तहसीलदार झंवर से जबाव/मय रिपोर्ट हेतु तहरीर जारी की गई। तहसीलदार (भू.अ) झंवर के पत्र कमाक/भू.अ/2023/1069 दिनाक 19.01.2023 के तहत जॉच रिपोट प्राप्त हुई। जिसमे तहसीलदार द्वारा. ग्राम नारनाडी के खसरा नम्बर 59 रकबा 2.6224 हैक्टर मे प्रार्थी का पूर्व मे मानिया पुत्र रावता दर्ज होना बताया गया जबकि जमाबन्दी संवत 2057 से 2060 मे मांगीलाल पुत्र रावताराम दर्ज हुआ। एवं वर्तमान जमाबन्दी संवत 2077–2080 मे मांगीलाल पुत्र रावतराम जाति मेगवाल निवासी डोली खातेदार दर्ज है। जबकि प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र मे उनके वारिशान द्वारा सहमती प्रदान की गई जो शपथ मे उल्लेख किया गया एवम्र मूत्यु प्रमाण पत्र एव ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र मे मानीया पुत्र रावतराम एव पुनाराम पुत्र रावतराम जाति मेगवाल निवासी डोली दोनो एक ही व्यक्ति होना बताया गया । अत– प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 के स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है तहसीलदार झंवर को आदेश दिया जाता है कि ग्राम नारनाडी के खसरा नम्बर 59 रकबा 2.6224 हैक्टर मे स्व0श्री मांगीलाल उर्फ मांगीया उर्फ मानिया पुत्र रावत के स्थान पर प्रार्थीगण के पिता व दादा का नाम पूनाराम पुत्र रावतराम राजस्व रेकार्ड मे दर्ज किया जावे। तहसीलदार झंवर को तहरीर जारी हो पत्रावली फेसल शुमार होकर दफ्तर दाखिल हो। (पुखराज कासोटिया)**RAS** उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट लूणी सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी	

Scanned by CamScanner